# बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,
7, सरदार पटेल मार्ग–पटना–15

ISO:9001:2015
Reg.no.:1017QFH01

| Doc. No:- BRPNNL/HQA / C0/ 82 | Dt ..26/06/2021.. | Page No…./… |
|---|---|---|

## कार्यालय आदेश

वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल पटना–1 ने पत्रांक–1212 दिनांक–22.05.2021 द्वारा उल्लेखित किया गया है कि कार्य प्रमंडल पटना–1 के अन्तर्गत संवेदक सत्येन्द्र कुमार यादव, शास्त्रीनगर, रोड नं0–4, रामपुर गया, पीन– कोड–823001 को एकरारनामा सं0–04/2019–2020 के तहत पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखंड मे पाली–उलार मसौढ़ी पथ के 12 वें मि0मी0 में उच्चस्तरीय आर0 सी0 सी0 पुल सह पहुँच पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया है। एकरारनामा के समय संवेदक द्वारा समर्पित कार्य योजना के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि 05.03.2021 था एवं कोविड–19 के प्रभाव के कारण 45 दिन अतिरिक्त समय देने के फलस्वरूप कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि दिनांक–20.04.2021 होता है। कार्य में वांछित प्रगति Milestone के अनुसार नहीं होने के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता द्वारा संवेदक के चालू विपत्र से पूर्व में दो बार राशि Withheld की गई है, एवं वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल–1 द्वारा संवेदक को वांछित प्रगति हेतु अनेकों बार निदेशित किया गया के बावजूद संवेदक द्वारा कार्य में कोई प्रगति नहीं की जा रही है। इस प्रकार संवेदक द्वारा कार्य में बहुत ही लापरवाही बरती जा रही है।

संवेदक द्वारा कार्य के प्रति बरती गयी शिथिलता के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल पटना–1 ने पत्रांक–1212 दिनांक–22.05.2021 द्वारा संवेदक को डिवार करने हेतु अनुरोध किया है एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1, पटना का पत्रांक– 947 (अनु॰) दिनांक– 05.06.2021 द्वारा संवेदक को डिबार करने की अनुशंसा की गयी है। वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल पटना–1 किये गये अनुरोध एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–01 द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में संवेदक सत्येन्द्र कुमार यादव को उपरोक्त निर्माण कार्य पूर्ण होने तक अगली निविदा में भाग लेने से वंचित किया जाता है।

ह0/–

प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..............................................

प्रतिलिपिः– सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु ।

ह0/–

प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक–............................................/पटना, दिनांक–..............................................

प्रतिलिपिः–सत्येन्द्र कुमार यादव,शास्त्रीनगर, रोड नं0–4, रामपुर गया, पीन–823001 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–

प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

कृपया पृष्ठ पल्टें.........

ज्ञापांक–......2232....../पटना, दिनांक–......26/06/2021......

प्रतिलिपिः– बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु ।

प्रबन्ध निदेशक

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

वेबसाईट प्रभारी